दिन–शनिवार दिनांक– 19/10/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

केंद्रीय पशुपालन, मत्स्य पालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने आज कहा कि देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मछली पालन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है और मछली का निर्यात बढ़कर साठ हजार करोड़ रूपये का हो गया है। मछली पालन के क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग पर पटना के ज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री ललन सिंह ने कहा कि दो हजार चौदह में यह निर्यात तीस हजार करोड़ रुपये था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस निर्यात को दोगुना करके एक लाख बीस हजार करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के आने के बाद मछली का उत्पादन भी बढ़ा है क्योंकि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मछली पालकों को कई प्रकार की सहूलियत दी जा रही है। इसके कारण नब्बे लाख टन से बढ़कर मछली का उत्पादन एक सौ पचहत्तर लाख टन हो गया है। पूरे विश्‍व में भारत मछली उत्पादन के मामले में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक के उपयोग से बिहार के किसानों को भी फायदा मिलेगा इससे परिवहन, मछलियों के रख रखाव, मछलियों को दाना पहुंचाने में मदद होगी। कार्यक्रम को बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पशु तथा मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी और अति पिछड़ा कल्याण विभाग के मंत्री हरि सहनी ने भी संबोधित किया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मछली उत्पादन में बिहार आत्मनिर्भर बन गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अब लगभग नौ लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हो रहा है। अब बिहार की मछलियां दूसरे राज्यों में भेजी जा रही हैं। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित मत्स्य पालन के क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग और प्रत्यक्षण कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा बिहार के विकास के लिए कई कार्य किये जा रहे हैं। राज्य में और केन्द्र सरकार द्वारा मत्स्य पालन के क्षेत्र में विकास के लिए उठाये गये कदमों से मत्स्य पालकों को काफी लाभ हो रहा है।

---

प्रदेश में बाढ से हुयी क्षति का आकलन करने के लिए केंद्रीय टीम कल पटना आ रही है। आपदा प्रबंधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव पार्थ सारथी की अध्यक्षता में सात सदस्यों वाली टीम

बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेगी। दो दिन के दौरे के बाद केंद्रीय टीम का बाईस अक्टूबर को राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक करने का कार्यक्रम है। श्री सुमन ने बताया कि राज्य सरकार ने केन्द्र से बाढ़ क्षतिपूर्ति मद में तीन हजार छह सौ अड़तीस करोड़ रुपये की सहायता राशि मांगी है।

———————————————————————

बिहार में विधानसभा की चार सीटों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ के उप चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। कल तरारी सीट से निर्दलीय प्रत्याशी लालू प्रसाद यादव ने अपना नामांकन पर्चा भरा। अन्य सीटों के लिए एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किये गये। नामांकन की अंतिम तिथि पच्चीस अक्टूबर तक निर्धारित है। इधर, जन सुराज पार्टी में बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से प्रोफेसर खिलाफत हुसैन को और इमामगंज से डॉक्टर जितेन्द्र पासवान को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि तरारी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी ने पहले ही एस.के. सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

———————————————————————

बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन आज एक सौ छठा स्थापना दिवस समारोह मना रहा है। इस अवसर पर आज से दो दिवसीय महाधिवेशन की शुरुआत हो रही है। यह महाधिवेशन हिन्दी की दो महान विभूतियों पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और रामवृक्ष बेनीपुरी को समर्पित है।

———————————————————————

बांका जिले के फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के नगरडीह मोड़ के पास एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन की चपेट में आने से छह कांवरियों की मौत हो गयी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।